पत्रांक- बि०प्र०सु०मि०सो०/ विविध- 06/2013 सो0...128.........

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

मनोरंजन कुमार
प्रशासनिक पदाधिकारी

सेवा में,

जिलाधिकारी
पटना

दिनांकः-...19/01/2021

विषयः- **कम्प्यूटर सिस्टम के क्रय के संबंध में।**

प्रसंगः- आपका पत्रांक-2068 दिनांक-16.12.2020

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि मिशन कार्यालय के पत्रांक-733, दिनांक-10.07.2015 द्वारा बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अंतर्गत संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायक द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट की अप्रत्याशित घटना के कारण चोरी/नष्ट होने की स्थिति में सभी जिला पदाधिकारी को यह निदेश दिया गया है कि कम्प्यूटर क्षतिग्रस्त होने अथवा चोरी होने की स्थिति में क्रय कर मिशन कार्यालय से राशि की अधियाचना की जाए। किसी भी स्थिति में कम्प्यूटर चोरी होने अथवा क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में संबंधित कार्यपालक सहायक को कम्प्यूटर खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए साथ ही ऐसे मामलों में मानदेय के भुगतान में किसी भी प्रकार की कटौती न किया जाए। यदि कार्यालय में अन्य कोई सरकारी कम्प्यूटर सिस्टम उपलब्ध हो जिस कार्यपालक सहायक से कम्प्यूटर सिस्टम चोरी हुआ हो उन्हें कार्य करने हेतु उपरोक्त सिस्टम पर कार्य करने की अनुमति दी जाए।

2. उपर्युक्त वर्णित मिशन कार्यालय के पत्रांक-733, दिनांक-10.07.2015 द्वारा परिचारित निदेश के आलोक में अनुरोध है कि अंचल कार्यालय, नौबतपुर के RTPS Counters के नियोजित कार्यपालक सहायकों के द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट की चोरी की घटना पर जाँचोपरान्त संतुष्ट होने की स्थिति में कम्प्यूटर सिस्टम का क्रय कर काउंटर पर अधिष्ठापित किये जाने और तदोपरांत मिशन कार्यालय से राशि की अधियाचना किये जाने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

19/01/2021

(मनोरंजन कुमार)
प्रशासनिक पदाधिकारी